तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]




**सामूहिक भोज में शामिल हुए अमित शाह**

*लालबाग मैदान में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर के सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक भोज में शामिल हुए। बताया गया कि बस्तर के स्थानीय व्यंजन के साथ गुजराती के प्रसिद्ध व्यंजन और पकवान परोसा गया।*

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने देखा बस्तर की जनजातीय विरासत का वैभव

# बस्तर पंडुम में दिखी आदिवासी संस्कृति की जीवंत व अद्भुत तस्वीर



**अमित शाह ने स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति की प्रशंसा**



प्राकृतिक सौंदर्य से भरे बस्तर संभाग और इस खूबसूरती को एक गाने में पिरोया गया है जो ऐसा जादू है मेरे बस्तर में। संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम 2026 के समापन समारोह में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के स्वागत में जगदलपुर के हजारों स्कूली बच्चों के द्वारा ऐसा जादू है मेरे बस्तर में गाने में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। स्कूली बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने केंद्रीय गृहमंत्री को भी ताली बजाकर कर बच्चों की हौसला अफजाई करने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बालिकाओं के द्वारा मलखंब का भी प्रदर्शन किया गया, शाह ने बच्चों की शानदार प्रस्तुति की प्रशंसा कर बच्चों को बधाई दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 के समापन अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालबाग मैदान में आयोजित जनजातीय परंपराओं और संस्कृति पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर जनजातीय समाज के दैनिक जीवन में प्रयुक्त वस्तुओं, पारंपरिक शिल्प,लोक कलाओं और सांस्कृतिक प्रतीकों की जानकारी ली। प्रदर्शनी में बस्तर की आदिम परंपराओं से लेकर समकालीन जनजातीय अभिव्यक्ति तक की व्यापक झलक देखने को मिली।

■ **आदिवासी जीवन की आत्मा से हुआ साक्षात्कार**

श्री शाह ने ढोकरा शिल्प, टेराकोटा,वु ड कार्विंग, सीसल कला, बांस एवं लौह शिल्प, जनजातीय वेशभूषा और आभूषण, तुम्बा कला, जनजातीय चित्रकला, वन औषधि तथा लोक चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति भारत की आत्मा का जीवंत स्वरूप है, जिसमें प्रकृति,परंपरा और समुदाय का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। प्रदर्शनी में दंडामी माड़िया, अबूझमाड़िया, मुरिया,भतरा और हल्बा जनजातियों की पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषणों ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने बस्तर पंडुम की बारह विधाओं की प्रतियोगिता में विजेता दलों से आत्मीय भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।





## अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यमः साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर पंडुम जनजातीय संस्कृति को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। राज्य सरकार जनजातीय कला,शिल्प और परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बस्तर के स्वाद और वन जीवन की खुशबू



स्थानीय व्यंजन स्टॉल में जोंधरी लाई के लड्डू, मड़िया पेज, आमट, चापड़ा चटनी, कुलथी दाल,पान बोबो, तीखुर जैसे पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए। वहीं लांदा और सल्फी जैसे पारंपरिक पेय पदार्थों ने बस्तर की वन-आधारित जीवनशैली की झलक दिखाई; इसके साथ ही वैद्यराजों द्वारा वन औषधियों का जीवंत प्रदर्शन जनजातीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिक समझ को भी रेखांकित करता नजर आया।

## संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता

जनजातीय नृत्य में गौर माड़िया नृत्य बुधराम सोढ़ी, दंतेवाड़ा, जनजातीय गीत में पालनार दल मंगली एवं साथी दंतेवाड़ा , जनजातीय नाट्य में लेखम लखा सुकमा , जनजातीय वाद्ययंत्र में रजऊ मंडदी एवं साथी कोण्डागांव ,जनजातीय वेशभूषा में गुंजन नाग सुकमा, जनजातीय आभूषण में सुदनी दुग्गा नारायणपुर , जनजातीय शिल्प में ओमप्रकाश गावड़े कोया आर्ट्स, कांकेर जनजातीय चित्रकला में दीपक जुर्री कांकेर, जनजातीय पेय पदार्थ में भैरम बाबा समूह उर्मीला प्रधान बीजापुर, जनजातीय व्यंजन में ताराबती दंतेवाड़ा , आंचलिक साहित्य में उत्तम नाईक कोण्डागांव तथा बस्तर वन औषधि में राजदेव बघेल बस्तर को विजेता घोषित किया गया।

## कलेपाल के कलाकारों ने 19 दुर्लभ वाद्य यंत्रों से मोहा मन

बस्तर की लोक संस्कृति और परंपराओं के महापर्व बस्तर पण्डुम के संभाग स्तरीय कार्यक्रम के समापन समारोह में कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड स्थित ग्राम कलेपाल के ग्रामीणों ने अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपने पारंपरिक जनजातीय वाद्य यंत्रों का ऐसा जादुई प्रदर्शन किया कि वहां मौजूद हर अतिथि मंत्रमुग्ध हो गया। कलेपाल के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के जरिए न केवल अतिथियों का मन मोहा, बल्कि बस्तर की लुप्त होती दुर्लभ सांगीतिक विरासत को भी मंच पर जीवंत कर दिया। समारोह में उत्साह तब चरम पर पहुंच गया जब वाद्य यंत्रों की एक लंबी श्रृंखला एक सुर में गूंज उठी। कलाकारों ने मांदर, ढोल और निशान की गंभीर थाप के साथ कोतोडका, गुटाफरा और नरी फरा जैसे पारंपरिक यंत्रों को बजाना शुरू किया, जिससे वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हो गया। प्रदर्शन के दौरान गुल्पी फरा, नंगोरा, कुंदीड़ और दुबरा की ध्वनियों ने जहां समां बांधा, वहीं सुलुड़, मोहिर, तमोरा और डोमिर की जुगलबंदी ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस सांस्कृतिक प्रवाह में टुसिर, पैजाना, मोईयंग, चेहरे और कचते जैसे अत्यंत दुर्लभ साजों का शामिल होना यह बताने के लिए काफी था कि बस्तर के वनवासी अपनी विरासत को कितनी शिद्दत से सहेजे हुए हैं। इन वाद्य यंत्रों से निकली धुनों ने आधुनिकता के शोर के बीच अपनी माटी की सौंधी महक का अहसास कराया। अतिथियों ने इस प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे बस्तर की कला का अद्भुत नमूना बताया। कलेपाल के कलाकारों द्वारा किया गया यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि बस्तर की सांस्कृतिक जड़ें आज भी उतनी ही गहरी और मजबूत हैं।

■ **बस्तर पण्डुम के समापन पर गूंजी आदिम संस्कृति की थाप**



# मनरेगा में अकुशल श्रमिकों को रोजगार की कोई गारंटी नहीं : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार क्षेत्र के घाटपदमूर मंडल के बीरिंगपाल में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत नगरनार ब्लॉक कांग्रेस की अगुवाई में बैठक हुई। बैठक में समस्त मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। जिसमें मंडल कमेटी के संगठन विस्तार एवं मनरेगा बचाओ जनजागरूकता अभियान को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा भाजपा सरकार की मंशा साफ है वह मजदूर विरोधी है, किसान विरोधी है। अब मनरेगा योजना में अकुशल श्रमिकों को रोजगार की कोई गारंटी नहीं होगी। भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रविंद्र नाथ टैगोर को अपमानित करने का कार्य किया है। इस योजना में किए गए बदलाव के पीछे योजना की कानूनी गारंटी और महत्व को कमजोर करना है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाओ जनजागरूकता अभियान चलाएगी।

■ **नगरनार ब्लाक कांग्रेस की बैठक में आंदोलन तेज करने का निर्णय**



### ये रहे उपस्थित

बैठक में नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, दयाराम कश्यप, भोजराज नाग, धरम दास, नाग, हस्ता कश्यप, ललित रावत, संदीप कश्यप,त्रिनाथ बेलसरिया, तनुज भट्टी, सुनील साहू, सुरेन्द्र कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, भालुराम, राजेश कश्यप, लक्ष्मीनारायण नाग, रमेश ठाकूर, दिनेश मौर्य, रतना नाग, भय कश्यप, रुक्मिणी कश्यप, सोनू राम , सुदेन बघेल, गनेश, हरिराम बघेल, बदरू, बालेस्वर गौतम सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## स्कूटी सवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को टिप्पर ने कुचला, मौके पर मौत





**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के लामकेर सेक्टर अंतर्गत नदीसागर जराईगुड़ा केंद्र पदरगुड़ापारा की कार्यकर्ता मंदना बघेल एवं बोड़नपाल पटेल पारा आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता रामदेई बघेल के साथ स्कूटी में सवार होकर जगदलपुर जाने के दौरान पोटानार के पास बेलगाम अनियंत्रित टिप्पर ट्रक स्कूटी सवार कार्यकतार्ओं को जोरदार ठोकर मारकर चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी चला रही कार्यकर्ता छिटक कर दूर जा गिरी, वही पीछे बैठी मंदना बघेल की पहिए के नीचे आने से मौत हुई। घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की खबर सुनते ही विभाग के पर्यवेक्षक सहित कार्यकर्ता महारानी अस्पताल पहुंचकर भर्ती कराया। मृतका मंदना की तीन पुत्री और एक पुत्र है। पति रोजगार सहायक सचिव है। हादसे के बाद से परिजनों में रो रोकर मातम छा गया। वही घायल कार्यकर्ता कि स्थिति ठीक बतायी जा रही है।

## दो ठिकानों से 1.600 घन मीटर अवैध लकड़ी जब्त



**गीदम।** गीदम वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम हीरानार में छापामारी कर सतीश यादव के पुराने मकान से बीजा लकड़ी के 65 नग चिरान फारा 0.852 घन मीटर तथा चमेली बाई के घर से साल लकड़ी के 35 नग चिरान बरामद किए गए। दोनों स्थानों से कुल 1.600 घन मीटर अवैध काष्ठ जप्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी रंगानाधा रामाकृष्णा वाय के मार्गदर्शन में वन विभाग ने अवैध काष्ठ चिरान संग्रहण के विरुद्ध कार्रवाई की है। एसडीओ वी एन नाग के मार्गदर्शन में, वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्योत्सना पाण्डे के नेतृत्व में उनकी टीम ने की। संबंधितों को समझाइश दी गई एवं ग्रामीणों से अवैध गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई। कार्रवाई में वनरक्षक लक्ष्मीप्रसाद चालकी, राहुल नाग, महेश मरकाम, उमेश कुमार नेगी, सुशीला पैकरा, उड़नदस्ता दल परिक्षेत्र अधिकारी जे पी पाण्डेय, भूषण नेताम वनपाल, दानसिंह वट्टी वनपाल सहित अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा।

### डिस्कनेक्शन अभियान पर बकायादार उपभोक्ताओं के घर पहुंच रही टीम

# शासकीय व निजी उपभोक्ताओं पर 2.30 अरब का बिजली बिल बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर दो अरब 30 करोड़ 75 लाख रूपए का बिजली बिल बकाया है, जिसमें से शासकीय विभाग पर एक अरब 56 करोड़ 88 लाख एवं निजी उपभोक्ताओं पर 73 करोड़ 87 लाख रूपए का बिल लंबित है। इसकी वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने सातों जिलों में डिस्कनेक्शन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें से विद्युत वितरण केन्द्रों में दो टीमें और जोन में 3 टीमें गठित किया जा रहा है, जो सुबह से शाम तक बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों एवं शासकीय कार्यालयों में पहुंच रही है। बकाया का भुगतान नहीं करने पर तत्काल बिजली कनेक्शन काटी जा रही है, टीम नेतृत्व कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता कर रहे हैं। साथ ही शासकीय विभागों को नोटिस दें कि बकाया का शीघ्र ही भुगतान करें। बकाया निरंक करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को कंपनी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसलिए बकाया की वसूली उपभोक्ताओं घरों, प्रतिष्ठानों में पहुंचकर एवं मोबाईल से चर्चा करें, जिससे बकाया का भुगतान हो सके।

■ **संभाग के सात जिलों में चल रहा अभियान**



### एक लाख वाले बकायादार 475 उपभोक्ता

बताया जा रहा है कि सातों जिलों में 475 बड़े बिजली बकाएदारों जिनका बिल 1 लाख रुपए से अधिक है पर 17 करोड़ 94 लाख 21 हजार 177 रुपए का बिजली बिल बकाया है। लंबे समय से बिल न चुकाने वालों के खिलाफ मीटर उखाड़ने जैसे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डिस्कनेक्शन अभियान किया तेज

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि डिस्कनेक्शन अभियान तेज कर दिया है, लापरवाही होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बकायादारों के मीटर उखाड़ने की तैयारी की जा रही है।




## खबर संक्षेप



### कोटवेल में हुई प्रो-कबड्डी स्पर्धा

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले में माकड़ी ब्लॉक के ग्रापं पूसापाल के आश्रित ग्राम कोटवेल में आयोजित दो दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में राज्य के अलग अलग पंचायतों से आई हुई टीमो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर पदमपुर (धमतरी) की टीम रही जिसे 15001 रुपये के साथ ट्रॉफी दिया गया। दिव्तीय स्थान पर कोटवेल की टीम रही जिसे 8001 और ट्रॉफी दिया गया। वही तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 1501 दिया गया। महिला वर्ग प्रथम स्थान पर स्टार सोडमा की रही जिसे प्रथम पुरस्कार 7001 एवं ट्रॉफी दिया गया। द्वितीय पुरस्कार कोटवेल की टीम को 3500 और ट्रॉफी दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम कोटवेल और पुसापाल ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा ।

### सामूहिक विवाह योजना में 280 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे आज

**जगदलपुर।** शहर में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 280 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस विवाह समारोह में एक ही मंडप के नीचे ये सभी जोड़े दांपत्य जीवन की नई शुरूआत करेंगे। जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित यह समारोह सिटी ग्राउंड में संपन्न होगा। सुबह 11 बजे से मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाएगी।इस सामूहिक विवाह समारोह में नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक किरण सिंह देव करेंगे।

# पूर्व विद्यार्थियों ने बचपन की यादों को किया साझा, कभी खिलखिलाए तो कभी हो गए गमगीन

## पूर्व छात्र सम्मेलन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धनोरा में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं आत्मीयता के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों ने बचपन की यादों को साझा किया। याद करने के दौरान कभी खिलखिलाकर हंस पड़े तो कभी दबी सी मुस्कान चेहरों पर नजर आई। कुछ ऐसी बातें भी याद आईं जो सभी को गमगीन कर गईं। सम्मेलन में पहले मुख्य द्वार पर अतिथियों एवं पूर्व विद्यार्थियों का पारंपरिक रुप से स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी आगंतुकों का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य के. आर. प्रधान द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने पूर्व छात्रों से विद्यालय के प्रति निरंतर जुड़ाव बनाए रखने का आग्रह किया। उनके अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक बी. आर. साहू, नथ लाल नाग एवं जय सिंह मरापी ने अपने संबोधन में विद्यालय से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए पूर्व छात्रों को प्रेरक संदेश दिए।





### सबका मिला सहयोग

एसएमडीसी अध्यक्ष रामेश्वर उज्जैन ने अपने उद्बोधन में पूर्व छात्रों की भूमिका को विद्यालय की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र कुमार साहू, राजेश कुमार शोरी एवं श्रीमती हर्ष शुक्ला द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। अंत में प्राचार्य के. आर. प्रधान द्वारा सभी अतिथियों, पूर्व छात्रों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह पूर्व छात्र सम्मेलन विद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अत्यंत सफल रहा तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

### विद्यालय के विकास में सबने सहयोग का दिया आश्वासन

पूर्व छात्र प्रतिनिधियों में श्रीमती गुंजन सिंह भदोरिया, श्रीमती रचनदीप, मिथिलेश सिंह, संतोष मरापी, कृष्ण सिंह, कृष्ण सिंह ठाकुर, रोहित नाग, कृषिकांत घृतलहरे एवं मुकेश सिंह राणा ने अपने अनुभव साझा किए। पूर्व छात्र- छात्राओं ने विद्यालय के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया।

# मोर सुआद, दीदी की रसोई में पहुंचे राज्यपाल व सीएम, चखा पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- फरा और अंगाकर रोटी की सराहना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होने जगदलपुर आगमन से पूर्व छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को सड़क मार्ग से रायपुर से जगदलपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने केशकाल नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग–30 के प्रगतिरत नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और वर्तमान स्थिति का गहन अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह मार्ग बस्तर संभाग को राजधानी रायपुर एवं अन्य राज्यों से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निर्देशित किया कि केशकाल नगर के साथ–साथ केशकाल बायपास का निर्माण कार्य भी निर्धारित समय–सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा निर्माण कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



### मोर सुआद, दीदी की रसोई में पारंपरिक व्यंजनों का लिया आनंद

*तत्पश्चात राज्यपाल श्री डेका और मुख्यमंत्री श्री साय कोंडागांव पहुंचे, जहां उन्होंने बिहान योजना अंतर्गत स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित मोर सुआद, दीदी की रसोई का अवलोकन किया। इस अवसर पर बिहान समूह की महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्थानीय पारंपरिक व्यंजन फरा और अंगाकर रोटी का स्वाद चखा और समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की।*



### महिला समूहों को सशक्त करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने समूह की महिलाओं से उनकी आय एवं गतिविधियों की जानकारी ली और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को निर्देश दिए कि स्व–सहायता समूहों को आजीविका सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाए तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाते हैं।

### लोक कलाकारों की कला की सराहना

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के लोक कलाकारों की पेंटिंग्स का अवलोकन किया और कलाकारों से संवाद कर उनकी रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राण घातक हमला करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

जमीन विवाद को लेकर हुआ संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल





थाना केशकाल के ग्राम गारका में 6 फरवरी प्रार्थिया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसके पति प्रदीप सिन्हा अपने घर बाडी में मजदूर लगाकर फेसिंग के लिए तार खुटा लगा रहे थे उसी समय गांव के पडोस के रहने वाले सुन्दर लाल सिन्हा, किशुन सिन्हा आये और हमारे जमीन में क्यो फेसिंग के लिए तार खुटा लगा रहे हो कहकर एक राय होकर मॉ बहन की अश्लील गन्दी गन्दी गाली गलौच कर आज तुम्हे जान से मार देगें कहकर सुन्दर लाल सिन्हा इसके पति प्रदीप सिन्हा के दोनो पैर को जमकर पकडा था तथा आरोपी किशुन सिन्हा के द्वारा लोहे के सब्बल से जान से मारने की नियत से इसके पति के सिर में प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाया है। जिससे प्रार्थिया की पति प्रदीप सिन्हा को सिर में चोट लगकर घायल होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल लायें जहां उसकी बेहत्तर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर धारा 109, 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पंकज चन्द्रा के निर्देश पर नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव श्री कपील चन्द्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केशकाल श्री अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी केशकाल विकास बघेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कंवल सिंह शोरी थाना केशकाल द्वारा त्वरित कार्यवाही कर विवेचना के दौरान आरोपीगण सुन्दर लाल सिंहा पिता स्व. कचरू राम सिन्हा जाति कलार उम्र 60 वर्ष, एवं किशून सिंहा पिता स्व. कचरू राम सिन्हा उम्र 58 वर्ष दोनों निवासी गारका थाना केशकाल जिला कोण्डागाव को तलब कर पूछताछ किया गया जो घटना कारित करना स्वीकार करने से 9 फरवरी के क्रमशः 13.20, 13.30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास बघेल, उपनिरीक्षक कंवल सिंह शोरी, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत देवांगन, प्रधान आरक्षक संजय बिसेन, ईश्वर नेताम, मप्रआर. माधुरी रावटे, आरक्षक लिलेश्वर ध्रुव, जितेन्द्र माहला, अमित मण्डावी, अरूण यादव, का विशेष योगदान रहा। मिली जानकारी अनुसार रायपुर में परिवार एवं ग्रामीण शव को लेने रायपुर पहुंच गए है। देर शाम तक प्रदीप सिन्हा का शव गृह ग्राम गारका पहुंचने की संभावना है।

# उच्च शिक्षा आयुक्त ने रामकृष्ण मिशन आश्रम में नया कॉलेज खोलने के लिए किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- ज्ञान और कौशल को अपडेट करें सफलता मिलेगी : देवांगन

उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. संतोष देवांगन ने रामकृष्ण मिशन आश्रम में आगामी सत्र 2026-27 में महाविद्यालय खोलने के लिए मूलभूत जानकारी एवं चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधारभूत संरचना, भूमि की उपलब्धता, शैक्षणिक वातावरण एवं विभिन्न बिंदुओं पर गहन मूल्यांकन किया । निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी चाहते हैं कि बस्तर में ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे यहीं से रोजगार प्राप्त करें। जिले में नए महाविद्यालय की स्थापना से न केवल विद्यार्थियों को विविध पाठ्यक्रमों में प्रवेश के अधिक मौके मिलेंगे और प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। उच्च शिक्षा विभाग का यह प्रयास बस्तर के नारायणपुर जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। इसके पहले उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. देवांगन के नारायणपुर आगमन पर अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम तथा वरिष्ठ प्राध्यापक भगवान दास चांडक एवं राजेंद्र कुमार यादव ने उनका स्वागत किया। डॉ. देवांगन ने जिले के महाविद्यालयों की उपलब्धियां और चुनौतियों पर चर्चा की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत चल रहे शैक्षणिक सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें लगातार स्वयं को अद्यतन रखना चाहिए। जीवन में सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है, और जो व्यक्ति समय के साथ अपने ज्ञान और कौशल को अपडेट करता है वही सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के सचिव, स्वामी व्याप्तानंद महाराज एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए।

# 1302 लोगों की जांच में 13 टीबी संदिग्ध चिन्हित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत जिले में क्षय रोग उन्मूलन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर टीबी स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी तथा जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. हरेंद्र देवेल के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। अभियान के तहत 28 जनवरी से 7 फरवरी तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में टीबी स्क्रीनिंग की गई, जिसमें कुल 1302 लोगों की जांच की गई। स्क्रीनिंग के दौरान 13 टीबी संदिग्ध मरीजों की पहचान की गई है जिन्हें आगे की जांच एवं उपचार की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, खांसी में खून आना, सीने में दर्द, वजन का लगातार घटना, भूख न लगना एवं बुखार शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराने की अपील की गई है। जिले का वार्षिक टीबी उन्मूलन लक्ष्य 900 मरीजों की पहचान एवं उपचार निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरे जिले में सुनियोजित एवं सतत टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### घर–घर जाकर की जा रही टीबी स्क्रीनिंग

इस अभियान में मितानिन, एमटी, बीसी, एएनएम, आरएमए, आरएचओ, सुपरवाइजर, बीटीओ, बीपीएम एवं टीबी सुपरवाइजर की संयुक्त टीम द्वारा विद्यालयों, छात्रवासों, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों, शांति फाउंडेशन सेंटर, करुणा भवन, नर्सिंग सेंटरों सहित घर–घर भ्रमण कर टीबी स्क्रीनिंग की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में भी सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष हो: लोकेश गायकवाड़


प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री से की पहल की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं लोकेश गायकवाड़ जिलाध्यक्ष कोंडागांव ने छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने की मांग मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री से किया है। फेडरेशन ने मुख्य रूप से अनुभवी शिक्षकों की कमी को पूरा करने,शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और यूजीसी के नियमों के अनुरूप समानता लाने यह माँग किया है। फेडरेशन का कहना है कि यदि यह निर्णय लिया जाता है तो इससे अनुभवी शिक्षकों के ज्ञान का लाभ एलिमेंटरी एडुकेशन, माध्यमिक शिक्षा सहित हाई/हायर सेकंडरी शिक्षा व्यवस्था को लंबे समय तक मिलेगा। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने से अनुभवी विषय शिक्षकों की कमी को पूरा करने सहायक होगा। राज्य के स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों की कमी को अनुभवी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति अवधि बढ़ाकर दूर किया जा सकता है। साथ ही,वरिष्ठ शिक्षकों के दशकों के अनुभव और रचनात्मकता का लाभ विद्यार्थियों को लंबे समय तक मिलेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और यूजीसी के द्वारा कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित किया गया है। जिसे स्कूल शिक्षा विभाग में भी लागू करने की आवश्यकता है। इससे बुनियादी शिक्षा मजबूत होगा। उन्होंने बताया अनेक शिक्षक ऐसे हैं जिनका सेवाकाल 33 वर्ष पूरा नहीं हो रहा है। कि 1 जुलाई 2018 से संविलियन तिथि से समस्त सेवालाभ के लिए गणना करने के आदेश से कई शिक्षक सेवानिवृत्ति के समय न्यूनतम पेंशन की पात्रता से भी वंचित हो रहे हैं। लेकिन सेवानिवृत्ति आयु बढ़ने से वे इस लाभ के पात्र हो सकते हैं। एनपीएस व ओपीएस के चक्रव्यूह में अनेक शिक्षक उलझे हुए हैं।

# बंजारा समाज की हुई जिला स्तरीय बैठक



**फरसगांव।** बंजारा समाज की जिला स्तरीय बैठक कोंडागांव स्थित सामाजिक भवन में आहूत की गई थी। इस बैठक में बंजारा समाज के जिला कार्यकारिणी के मुख्य पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में बैठक संपन्न किया गया। बैठक में बंजारा समाज के जिला पदाधिकारियों के उपस्थिति में आगामी 14 फरवरी को होने वाले संतश्री सेवालाल जयंती मनाने पर चर्चा की गई। इस वर्ष 15 फरवरी को महाशिवरात्रि होने की वजह से संत सेवालाल जयंती एक दिन पूर्व 14 फ़रवरी को मनाने का बैठक में निर्णय लिया गया। जिला स्तर पर संत सेवालाल जयंती कोंडागांव में चौपटी मौदन में मनाया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष सुखिया राम चौहान, सचिव भुनेश्वर राठौर, संरक्षक सूरज जी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ललिता भारद्वाज, मोहन भारद्वाज, हीरा राठौर समेत बंजारा समाज की जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। यह जानकरी प्रदेश मिडिया प्रभारी रामकुमार भारद्वाज ने दी है।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 17 से

**कुरुद।** संत घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं 17 से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेंगी। मुख्य विषयों में 17 फरवरी को जूलॉजी सुबह 9 बजे, 18 फरवरी को फिजिक्स एवं बॉटनी की परीक्षा सुबह 10:30 बजे होगी। इसी प्रकार 21 फरवरी को बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा सुबह 11 बजे होगी। संस्थान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

### कलेक्टर ने कोंडागांव जिले में घोषित किए 4 स्थानीय अवकाश

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना द्वारा जिला कोण्डागांव के लिए कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए कुल 4 स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोंडागांव मेला के अवसर पर 24 फरवरी, मंगलवार को कोंडागांव एवं फरसगांव अनुभाग के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार केशकाल मेला के अवसर पर 7 अप्रैल, मंगलवार को केशकाल अनुभाग के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके अलावा नवाखानी पर्व पर 16 सितंबर, बुधवार को तथा गोवर्धन पूजा दीपावली का दूसरा दिन पर 9 नवम्बर, सोमवार को संपूर्ण कोण्डागांव जिला के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। घोषित स्थानीय अवकाश संबंधित अनुभाग एवं जिले के शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रभावशील रहेगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को मिली 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के प्रकरण में वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा धनोरा तहसील के ग्राम कलेपाल निवासी भवानी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता सुकोती, पिता मानतू को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## कलेक्टर ने ग्राम पलारी में जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की

# कुपोषण मुक्त जिला बनाने वजन त्यौहार 2026 का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बच्चों की वजन प्रक्रिया का अवलोकन, कुपोषित बच्चों की ली जानकारी

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सोमवार को वजन त्यौहार 2026 का जिला स्तरीय शुभारम्भ कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पलारी के बड़ेपारा–2 में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की वजन प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली।



इस दौरान उन्होंने स्वच्छता, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय कर शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। वजन त्यौहार का आयोजन 18 फरवरी तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जाएगा। इसका उद्देश्य कुपोषण की पहचान, रोकथाम एवं जनजागरुकता को बढ़ावा देना है।

### हर परिवार को मिलेगी बच्चों की पोषण स्थिति की जानकारी

इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की वास्तविक पोषण स्थिति की जानकारी दी जाएगी तथा सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वजन त्यौहार के दौरान बच्चों में कुपोषण की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर प्रत्येक बच्चे की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज की जाएगी। जिससे राज्य स्तर पर कुपोषित बच्चों का सटीक डाटाबेस तैयार किया जा सके। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं में एनीमिया जांच, बीएमआई परीक्षण एवं पोषण स्तर का आकलन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शीतलावंड में बुढ़ादेव बूढ़ी माई महोत्सव



**बस्तर।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के द्वारा तीन दिवसीय बुढ़ा देव महोत्सव का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रथम दिन मेहमानों के आगमन स्वागत, दूसरे दिन बुढ़ा देव की पूजा आराधना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक बैठक जिसमें वर्ष भर किए गए कार्यों पर चर्चा किया जाएगा एवं तीसरे दिन मेहमानों की विदाई के साथ ही तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होगा। जगदलपुर मुड़ा क्षेत्र में ध्रुव समाज के संरक्षक एसएस चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष शंभूनाथ ध्रुव, संभागीय सचिव लिलेश्वर ध्रुव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी मुड़ा क्षेत्रों में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुड़ा क्षेत्र से अशोक मंडावी, जिला उपाध्यक्ष विक्रम चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ध्रुव भगत ध्रुव, हेमंत ध्रुव, समाज प्रवक्ता राधेश्याम ध्रुव, उप मुड़ा दार महिला प्रभाग सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी बने ठाकुर

**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी जिला दंतेवाड़ा संगठन द्वारा राजेंद्र सिंह ठाकुर को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति के पश्चात राजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क और जनसंवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने तथा सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का निरंतर प्रयास किया जाएगा।



## निधन

### हरिलाल चावड़ा

**जगदलपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी गुजराती समाज के लालबाग निवासी हरिलाल ओधवजी चावड़ा का आकस्मिक निधन आज हो गया है। वे जितेंद्र चावड़ा एवं लोकेश चावड़ा के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा कल सुबह 10 बजे निवास से निकाली जाएगी। वे पत्नी, 2 पुत्र, 1 पुत्री और नाती, पोतों का भरा पूरा परिवार को बिलखता छोड़ गए।

# सरकार की लापरवाही ने ली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जान : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा

विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होने जा रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सड़क दुर्घटना में हुई मौत को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह हादसा कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकार की असफल नीतियों, लापरवाह प्रशासन और कानून व्यवस्था की खुली विफलता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत नदी सागर अंतर्गत पदरगुड़ा पारा निवासी एवं जरईगुड़ा पारा में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वंदनावती बघेल (45 वर्ष) की पोटानार के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार टिप्पर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ जा रहीं रामदई बघेल (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनका इलाज जगदलपुर के महारानी अस्पताल में जारी है। उन्होंने कहा कि

■ बेलगाम टिप्पर, बदहाल सड़कें और संवेदनहीन शासन व्यवस्था की देन है यह हादसा

**मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा व एक सदस्य को मिले नौकरी**



विधायक ने मांग की कि अज्ञात टिपर वाहन एवं चालक की तत्काल पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाए। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं स्थायी आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। गंभीर रूप से घायल रामदई बघेल के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करे। बस्तर क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण और प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। यदि भाजपा सरकार ने इस घटना से सबक नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। यह केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे बस्तर की महिलाओं और मेहनतकश वर्ग के सम्मान और सुरक्षा का सवाल है। दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने घायल महिला के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना एवं शोकसंतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

बस्तर पंडुम जैसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन का आयोजन करने वाली भाजपा सरकार यह बताने में असफल है कि आयोजन में शामिल होने जा रही महिलाओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

भारी वाहनों की बेलगाम आवाजाही और सड़क सुरक्षा की कोई ठोस व्यवस्था न होना सीधे-सीधे प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। बघेल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पहले ही कम मानदेय, असुरक्षित कार्य परिस्थितियों और उपेक्षा का दंश झेल रही हैं, और अब सरकार की लापरवाही ने एक मां की जान ले ली मृतिका के तीन छोटे बच्चे हैं- एक पुत्र और दो पुत्रियां जिनके सिर से हमेशा के लिए मां का साया उठ गया।

इसकी नैतिक जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। सरकार विकास के झूठे दावे करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि बस्तर की सड़कें मौत का रास्ता बन चुकी हैं भारी वाहनों पर कोई नियंत्रण नहीं है, न ही दुर्घटनाओं के बाद त्वरित कार्रवाई होती है आज तक ऐसे मामलों में दोषियों को बचाने का काम ही किया गया है।

### बचाव दल पूरी तरह तैयार

# बड़े कारली तालाब में आपदा प्रबंधन पर किया गया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले के बड़े कारली तालाब में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने हेतु प्रशासनिक अमले एवं गोताखोरों की टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास के दौरान तालाब के मध्य नाव ले जाकर एक युवक को डूबने से बचाने का प्रदर्शन किया गया।

तालाब में जलस्तर कम होने के कारण पत्थरों से टकराने की आशंका को ध्यान में रखते हुए तालाब के दूसरे छोर पर सायरन व्यवस्था की गई थी। वहीं से माइक के माध्यम से बचाव दल को दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे। बचाव दल को यह जानकारी दी जा रही थी कि किस दिशा में पत्थर हैं और किस ओर खतरे की संभावना है। मॉक ड्रिल के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि बचाव में प्रयुक्त नाव तकनीकी रूप से पूरी तरह सक्षम है तथा गोताखोर आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार हैं। साथ ही बचाव कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली सभी मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिले में नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों के फंसने पर उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारियों का भी इस अभ्यास के माध्यम से पूर्वाभ्यास किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग का अमला भी उपस्थित रहा। बाढ़ आपदा में फंसे लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्राथमिक उपचार सामग्री एवं चिकित्सक मौजूद थे, साथ ही आवश्यक जीवनरक्षक औषधियां भी रखी गई थीं। इसके अतिरिक्त मॉक ड्रिल के दौरान अस्थायी राहत केंद्र भी स्थापित किया गया। इस प्रकार आपदा से निपटने की तैयारियों की पूर्ण रूप से रिहर्सल की गई। मॉक ड्रिल के पश्चात अपर कलेक्टर द्वारा बाढ़ आपदा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने पर्याप्त संख्या में जीवन रक्षक जैकेट, नावों के लिए ईंधन, टॉर्च जैसी आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून से पूर्व राहत शिविरों की समुचित तैयारियां पूर्ण कर लेने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष में कर्मचारी चौबीसों घंटे उपस्थित रहें तथा आपदा की स्थिति में प्रत्येक क्षण की सूचना उच्च अधिकारियों को दी जाए। इसके साथ ही प्रशासन के पास उपलब्ध सभी नावों का तकनीकी परीक्षण पूर्व में ही कर लेने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी, उप निरीक्षक अरुण लांबा एवं प्रमोद कुमार, जिला सेनानी नगर सेना सिदार, तहसीलदार गीदम एवं कटेकल्याण, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भैरमगढ़ में हुआ स्वस्थ पंचायत सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भैरमगढ़ के बाजार शेड प्रांगण में स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का भव्य एवं सुनियोजित आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड अंतर्गत ग्रामों की स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों के सदस्यों द्वारा जनजागरूकता हेतु स्वास्थ्य एवं पोषण विषयक बैनरों के साथ रैली निकाली गई, तत्पश्चात सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई एवं भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिन दीदियों एवं मोबाइल एकेडमी कोर्स पूर्ण करने वाली मितानिनों को प्रमाण.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विकासखंड भैरमगढ़ की समस्त ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे गए।

प्राप्त आवेदनों में नल-जल योजना से संबंधित 35, स्वास्थ्य विभाग से 22, हैंडपंप से 10, वृद्धा पेंशन से 3, डबरी निर्माण से 15, प्राथमिक शाला बाउंड्री से 1 तथा आंगनबाड़ी भवन से 4 आवेदन शामिल रहे। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित कुल लगभग 96 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दसरी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य समंतीन कोरसा, जनपद सदस्य सुनीता तेलम, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी, सरपंच पार्वती रानीबोदली सहित विकासखंड के समस्त ग्राम प्रमुख, गणमान्य नागरिक एवं दूरस्थ व पहुंच विहीन क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# स्कूलों के लिए निर्माण हो रही शिक्षण सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर के गोंड़ी स्कूलों के लिए शिक्षण सामग्री तैयार की जा रही है। दरभा एवं बास्तानार ब्लॉक के गोंड़ी जानने वाले शिक्षक साथी एवं लेंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन के तत्वाधान में गोंड़ी भाषा में कक्षा पहली और दूसरी की किताबें, स्थानीय परिवेश कविताएं, कहानियों शामिल करते हुए वर्कबुक में लोककथाएं, छोटी कहानियों की किताबें तैयार की जा रही हैं। इनमें गोंड़ी के शब्दों को शामिल किया गया है। अब बस्तर के गोंड़ी स्कूल के बच्चे गोंड़ी भाषा में अध्ययन कर सकेंगे। कक्षाओं में गोंड़ी में अध्यापन का कार्य होगा। नई शिक्षा नीति बहुभाषी शिक्षा पर जोर देती है, उसी मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

गोंड़ी भाषा का ज्ञान परोसने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में मुख्य भूमिका बास्तानार के शिक्षक, भारत कुरुद, शिवानंद वेक, माड़का राम, बुधराम कर्मा, संतु कर्मा, महेश पोयाम लोहंडीगुड़ा, इंदर राम नाग, डमरूधर कश्यप, कमला, बिसेलाल दरभा, महेंद्र कुमार ओटी ब्लॉक, लेंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन से बहुभाषा एक्सपर्ट सुभाषचन्द्र वैष्णव, संजय गुलाटी, भारत साहू, सुनील सिन्हा, प्रमेंद्र, सनत, टिकेश्वर सोनवंशी ,सुदरु राम, ललित यादव, देवेंद्र कुमार, अभिजीत का योगदान रहा है।

# महादेव तालाब में होगा मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (द्वारा आपदा प्रबंधन पर टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में

■ आपदा प्रबंधन पर टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन

एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों के समुचित उपयोग एवं प्रभावी निर्णय प्रक्रिया को सुदृढ़ करना रहा। टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान बाढ़, भूकंप, अग्निकांड सहित अन्य संभावित आपदाओं की काल्पनिक परिस्थितियां निर्मित कर विभिन्न विभागों की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई।

एनडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा आपदा के पूर्व, दौरान एवं पश्चात किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी मुकेश देवांगन ने सभी विभागीय अधिकारियों को आगामी मॉक ड्रिल के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए।

बैठक में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट पीबी सिदार सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। एनडीआरएफ टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी आपदा की स्थिति में विभागों के बीच समन्वय त्वरित निर्णय एवं प्रभावी संचार व्यवस्था ही जान-माल की क्षति को न्यूनतम करने में सहायक होती है। अभ्यास के दौरान संचार प्रणाली, राहत एवं बचाव कार्य, चिकित्सा सुविधा, अस्थायी राहत शिविरों की व्यवस्था तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गई। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। गौरतलब है कि एनडीआरएफ द्वारा 10 फरवरी को महादेव तालाब में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा जिसमें आपदा की वास्तविक परिस्थितियों का अभ्यास कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की परख की जाएगी।

# शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री से भेंट कर समस्याओं से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

राष्ट्रहित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित के चार पुरुषार्थों को लेकर कार्य करने वाला संगठन छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पालक अधिकारी गोपाल यादव की उपस्थिति एवं प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह एवं प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से भेंट कर विभिन्न समस्याओं को अवगत कराते हुए समाधान का आग्रह किया है। गौरतलब है कि विगत दिनों रायगढ़ में प्रांत स्तरीय दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी में शासन को 9 सूत्रीय आग्रह पत्र प्रेषित किया गया था।

विज्ञप्ति में बताया गया कि सहायक शिक्षकों का लंबित तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान को हरी झंडी मिल गई है। शीघ्र ही मंत्रिमंडलीय स्वीकृति हेतु कैबिनेट में प्रस्तुत की जायेगी। संगठन की मांग पर छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग का पुनर्गठन कर लिया गया है, इसकी घोषणा भी शीघ्र ही कर दी जाएगी। भर्ती पदोन्नति नियम 2025 के प्रकाशन से शिक्षक संवर्ग के संघर्ष पर विराम लगेगा। समस्त संवर्गों, शिक्षक से लेकर अपर संचालक तक के पदों पर पदोन्नति होगी। शिक्षा विभाग के प्रभारवाद की समाप्ति होगी। एलबी संवर्ग की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करने की मांग पर शिक्षा मंत्री कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु एन पी एस कटौती के समय अर्थात 2012 से सेवा गणना की जायेगी। आरएमएसए अंतर्गत हाईस्कूल में संस्कृत विषय की व्याख्याता के पद को समाप्त कर दिया गया है जिसे पुनः सृजित करने पर सहमति जताई तथा भृत्य, लिपिक और स्वीपर के पद को भी पुनर्जीवित करने का आश्वासन दिया गया। सहायक शिक्षक से ग्रंथपाल पर पदोन्नति संविलियन किया गया है परंतु आज पर्यंत राजपत्र में इसका प्रकाशन नहीं हुआ है एवं कोई नियम नहीं बना है, इस मांग पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस पर समाधान कारक उपाय किए जाएंगे।

शिक्षक (एल बी) ग्रंथपाल को शिक्षक (एल बी) संवर्ग में समायोजित करने तथा राज्य अतिथि शिक्षक (विद्या मितान) संघ को संविदा कर्मचारियों की नियम शर्तों की भांति सुविधा प्रदान करने पर सार्थक चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री ने शिक्षक संघ के आग्रह पर समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक दो माह में बैठक के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है।

# किसान सुरेश को मिला भुइयां के भगवान सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




छत्तीसगढ़ की माटी और किसानों के प्रति समर्पण को सम्मानित करने वाले प्रतिष्ठित भुइयां के भगवान पुरस्कार से इस वर्ष दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कासौली के प्रगतिशील किसान सुरेश कुमार नाग को सम्मानित किया गया। 6 फरवरी को राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान निधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि दंतेवाड़ा जिले के कृषि जगत के लिए गौरव का क्षण है।

सुरेश कुमार नाग की यह उपलब्धि केवल ग्राम कासौली तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले के उन किसानों के लिए प्रेरणा है। जो रसायनों को छोड़कर प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर लौट रहे हैं। जैविक खेती के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार, निरंतर प्रयास और सफल प्रयोगों को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है। उन्होंने वर्षों पूर्व रासायनिक खेती के दुष्परिणामों को समझते हुए जैविक खेती को अपनाया और ग्राम कासौली जैसे दूरस्थ क्षेत्र में रहते हुए यह सिद्ध किया कि मजबूत इच्छाशक्ति और परंपरागत संसाधनों से भी बेहतर उत्पादन संभव है।

नाग ने अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों का पूरी तरह त्याग कर जीवामृत, घन-जीवामृत तथा स्थानीय औषधियों से निर्मित कीटनाशकों जैसे ब्रह्मास्त्र और नीमास्त्र का उपयोग शुरू किया। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने पर उन्होंने अपने अनुभव आसपास के किसानों के साथ साझा किए और पूरे जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया। उनके प्रयासों से कई गांवों के किसान प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित हुए हैं।

इसके साथ ही वे 100 से अधिक परंपरागत धान की किस्मों के संरक्षण में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिले में श्री विधि से रागी तथा श्री विधि से कोसरा जैसे नवाचारों के प्रयोग में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग के मार्गदर्शन में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को सुरेश कुमार नाग जैसे किसानों ने धरातल पर उतारा है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 191 जोड़ों का सामूहिक विवाह, आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ा भी होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

महिला एवं बाल विकास द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में कुल 191 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन हेतु जिले की विभिन्न एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं से आवेदन प्राप्त हुए हैं। परियोजनावार प्राप्त आवेदनों में दंतेवाड़ा से 18, बचेली से 23, कुआकोंडा से 34, किरंदुल से 14, बड़ेगुडरा से 19, बारसूर से 32, कटेकल्याण से 19 एवं गीदम से 31 जोड़े शामिल हैं। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक आत्मसमर्पित नक्सली जोड़े का विवाह भी सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराया जाएगा। कन्या कुमारी हिडने कारम 25 वर्ष एवं वर बामन मड़काम 25 वर्ष निवासी कारली पुलिस लाइन का विवाह पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कराया जाएगा। इस पहल से समाज की मुख्यधारा में लौटे व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन की ओर प्रोत्साहित करने का संदेश मिलेगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य सामाजिक विवाह की खर्चीली परंपरा को कम करना, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान करना तथा समाज में समरसता और पुनर्वास को बढ़ावा देना है। आत्मसमर्पित नक्सली जोड़े को योजना से जोड़ना शासन की पुनर्वास नीति की सकारात्मक दिशा को दर्शाता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**कार्यालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 555/ब-121/2025-26

**//उद्घोषणा//**

इस उद्घोषणा के जरिए आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र सोनी पिता स्व. इलाकान्त सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम बोरीगांव तहसील बकावण्ड जिला बस्तर ने अपने दादी मां स्व. देवकी सोनी पति स्व. कपूरचंद सोनी ग्राम बोरीगांव तहसील बकावण्ड जिला बस्तर का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के दादी मां स्व. देवकी सोनी पति स्व. कपूरचंद सोनी ग्राम बोरीगांव तहसील बकावण्ड जिला बस्तर का मृत्यु दिनांक 17/02/2022 (सत्रह फरवरी सन दो हजार बाईस) को ग्राम बोरीगांव तहसील बकावण्ड जिला बस्तर में हुआ है। आवेदक जितेन्द्र सोनी पिता स्व. इलाकान्त सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम बोरीगांव तहसील बकावण्ड जिला बस्तर को अपने दादी मां स्व. देवकी सोनी पति स्व. कपूरचंद सोनी ग्राम बोरीगांव तहसील बकावण्ड जिला बस्तर का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 13/02/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बकावण्ड, जिला-बस्तर

## खबर संक्षेप

### डीएवी आड़ावाल में हुआ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम



जगदलपुर। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा आड़ावाल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को परियोजना (प्रोजेक्ट) के माध्यम से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम दिखाया गया तथा परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और एकाग्रता के साथ कार्यक्रम को देखा और परीक्षा से जुड़ी उपयोगी बातों को समझा। प्रोजेक्ट के माध्यम से समय-प्रबंधन, लक्ष्य-निर्धारण, आत्मविश्वास तथा नियमित अध्ययन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसे डर के साथ नहीं बल्कि आत्मविश्वास और तैयारी के साथ स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, सकारात्मक सोच और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया। इस प्रकार परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत...






जगदलपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आज बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में गरिमामय आगमन हुआ। वे यहां के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय संभाग स्तरीय 'बस्तर पण्डुम' समापन समारोह में पहुंचे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक किरण सिंह देव सहित महापौर संजय पांडे और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी केन्द्रीय गृह मंत्री का अभिवादन करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा मौजूद रहे।

### भगवान बालाजी, माता लक्ष्मी व भूदेवी की विधिवत पूजा-अर्चना की

# बालाजी मंदिर में मुख्यमंत्री की ने आराधना व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रजत जयंती वार्षिक उत्सव में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम
- आंध्र समाज व टेंपल ट्रस्ट ने किया आत्मीय स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को बालाजी मंदिर पहुंचकर भगवान बालाजी, माता लक्ष्मी एवं माता भूदेवी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रार्थना की। बालाजी मंदिर के रजत जयंती वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक गरिमा का विशेष वातावरण देखने को मिला।

पूजन-अर्चन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिर परिसर में भक्तों की उपस्थिति से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने भी मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर ट्रस्ट एवं आयोजन समिति द्वारा धार्मिक परंपराओं के अनुरूप सभी अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आंध्र समाज एवं मातृशक्ति की सक्रिय सहभागिता रही। समाज के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंदिर परिसर में उत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद भोजराज नाग, विधायक विनायक गोयल, एसटी आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मांडवी, महापौर संजय पांडे उपस्थित रहे।

बालाजी मंदिर के रजत जयंती वार्षिक उत्सव के अवसर पर टेंपल ट्रस्ट एवं आयोजन समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष बी वासु राव, आयोजन समिति अध्यक्ष श्रीनिवास राव, टीके राव, हनुमंत राव, राजेंद्र प्रसाद, बी वेंकट राव, बी जयराम सप्तगिरि, एम जयंत नायडू, टी महेश राव, दंतेश्वर राजू, केशव राव, नरसिंह राव सहित ट्रस्ट के सदस्य, आंध्र समाज के सदस्य एवं मातृशक्ति ने सहभागिता निभाते हुए अतिथियों का पारंपरिक एवं श्रद्धापूर्वक स्वागत किया।

## उपभोक्ता को मंडल देगा 11.52 लाख पर 7.5 फीसदी की दर से ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश




जिला उपभोक्ता आयोग ने एक प्रकरण में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा आवेदक को भवन आबंटन हेतु प्राप्त की गई राशि 11 लाख 52 हजार रुपए पर 7.5 फीसदी की दर से ब्याज अदा करने, मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए तथा सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण हेतु 20 हजार रुपए देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने आदेश जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी भरतलाल रवानी द्वारा गृह निर्माण मंडल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर, 11 लाख 79 हजार रुपए की राशि अदा कर एक भवन क्रय किया गया था। भवन आबंटन के पश्चात निर्माण कार्य में लापरवाही और विलंब किया गया एवं घाटे को पूरा करने के लिए मकान की कीमत में भी वृद्धि कर दी गई थी। मंडल द्वारा आवेदक से उसका भवन आबंटन निरस्त करने की पश्चात भी किश्त की राशि प्राप्त की गई थी। मंडल द्वारा वांछित सुधार कार्य न कर आवेदक से प्राप्त राशि में से पंजीयन शुल्क की 10 फीसदी की राशि की कटौती कर शेष राशि अदा की गई थी, जिस पर ब्याज अदा नहीं किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा यह माना कि मंडल के भवन आबंटन के नियम एवं शर्तों में स्पष्ट उल्लेखित है की राशि वापस किए जाने पर उस पर 7.5 फीसदी की दर से ब्याज भी अदा किया जाएगा, पर मंडल द्वारा ऐसा ना कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक का आचरण किया गया है। मंडल को 20 हजार रुपए आवेदक को क्षतिपूर्ति दिए जाने एवं आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति पृथक से दिए जाने का आदेश भी पारित किया गया है।

## भूमकाल के वीर योद्धा में से एक थे बुधु मांझी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

भूमकाल दिवस पर विशेष

तोकापाल ब्लॉक से महज एक किलोमीटर दूरी पर बेड़ागुड़ा पंचायत में निवासरत बुधु पिता लछीन (लक्ष्मन) केशलूर परगना के मांझी के वंशज है, जो एक क्रन्तिकारी थे।

10 फरवरी को भूमकाल दिवस के अवसर पर सर्वआदिवासी समाज, भीम आर्मी संगठन एवं बुद्धिजीवी, युवा, महिला, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, अधिकारी एवं आदिवासी छात्र संगठन एस.टी., एससी., ओबीसी, मूल समाज गुंडाधूर युवा समिति भूमकाल दिवस को सफल बनाने में लगे हैं। राजूर, तोकापाल क्षेत्र से 1910 के जन नायक वीर बुधु मांझी के लड़ाई को भूलते जा रहे हैं। जो आरापुर के झाड़ा सिरहा के बगल वाले गांव के योद्धा थे।

वीर गुण्डाधुर के साथियो में से एक थे बुधु मांझी। केशलूर अगरवारा के प्रगनिया मांझी थे और राज परिवार के निकतम मांझी में से एक थे। बताया गया कि इनका राज परिवार से नजदीकी संबंध रहा है।

उन्होंने रानी स्वर्ण कुमार और राजकुंवर लाल कलिंदर के साथ मिलकर लड़ाई लड़े थे। उन्हें नागपुर जेल भेज दिया गया था। जो बाद में रायपुर के जेल में 7 साल से अधिक समय तक सजा भुगतना पड़ा था। आज पर्यंत उनका नाम वहां दर्शित मिलता है।

## ध्वनि प्रदूषण को रोकने वाहनों से हटाए जा रहे प्रेशर हार्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रेशर हार्न व अवैध टैक्सियों के खिलाफ किया अभियान

हॉल ही में परीक्षाओं के चलते ध्वनि प्रदूषण को रोकथाम के लिए परिवहन विभाग रायपुर के आयुक्त के निर्देश पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने प्रेशर हार्न एवं अवैध टैक्सियों के खिलाफ अभियान शुरू किया। इसके अलावा अभियान में संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से लोहंडीगुड़ा, बस्तर, तोकापाल, सुकमा, बीजापुर रोड सहित सीमावर्ती राज्य आड़िशा के कोटपाड़ आदि सड़कों में बेखौफ अवैध टैक्सी और ऑटो चल रहे हैं। वाहन के प्रेशर हार्न को हटाया जा रहा है, इसके चलते वाहनों में प्रेशन हार्न लगाने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इस अभियान में उड़नदस्ता की टीम के साथ आरटीओ की भी टीम जुटी हुई है।

### प्रेशर हॉर्न नहीं लगाएं

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि वाहनों में प्रेशर हॉर्न नहीं लगाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बस्तर की शैक्षणिक छवि बदलने का समय, शिक्षा बने माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- उच्च शिक्षा आयुक्त का शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में संवाद



प्रदेश उच्च शिक्षा के आयुक्त एवं रूसा परियोजना संचालक द्वारा सोमवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में अधिकारियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण अकादमिक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने बस्तर जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्यरत शैक्षणिक समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य शासन उनके प्रयासों को गंभीरता से रेखांकित करता है और उच्च शिक्षा क्षेत्र की सभी आवश्यकताओं को बिना किसी भेदभाव के पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि बस्तर को लेकर आज भी समाज में कई भ्रांतियां व्याप्त हैं,जबकि यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति और संभावनाओं से भरपूर है। शिक्षा को माध्यम बनाकर इन धारणाओं को बदलने की आवश्यकता है ताकि बस्तर का वास्तविक और सकारात्मक प्रतिबिंब देश-दुनिया के सामने आ सके। उन्होंने विश्वविद्यालयों को अकादमिक कैलेंडर के सख्त पालन, एनईपी 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध कार्यप्रणाली अपनाने के सुझाव दिए।

विश्वविद्यालय की मांगों पर सहमति जताते हुए उन्होंने चित्रकोट मार्ग स्थित करंजी क्षेत्र में भूमि आबंटन सहित अकादमिक एवं गैर-अकादमिक कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग, आवश्यक राजस्व संसाधन उपलब्ध कराने और आगामी माह में एनईपी 2020 पर विशेष कार्यशाला आयोजित कराने का आश्वासन दिया। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नए पाठ्यक्रमों, शोध गतिविधियों और अधोसंरचना विकास की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव,कुलसचिव राजेश लालवानी सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ एवं नवनियुक्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### 8 वर्षों की विकास यात्रा और भविष्य की रूपरेखा

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय की 18 वर्षों की शैक्षणिक एवं संस्थागत विकास यात्रा को पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत, पीएचडी अधिसूचनाएं, यूटीडी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाएं, रूसा मद से निर्माणाधीन भवनों की प्रगति, शोध एवं नवाचार की दिशा में किए गए प्रयासों और आगामी शैक्षणिक योजनाओं की क्रमबद्ध जानकारी दी गई, जिससे विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा स्पष्ट रूप से सामने आई।

# विधायक किरण देव के हाथों पुरस्कृत हुए बैडमिंटन चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का समापन
- 320 खिलाड़ियों की सहभागिता,संभाग भर से पहुंचे नामी शटलर



प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य समापन विधायक किरण देव के मुख्य आतिथ्य,महापौर संजय पांडे की अध्यक्षता एवं पुलिस अधिकारी कमलोचन कश्यप के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर अतिथियों के हाथों विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी,प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन पर अतिथियों ने बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा एवं सचिव राजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न जिलों से 320 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इंडोर हॉल में आयोजित इस स्पर्धा में संभाग भर से आए नामी खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला, जिससे शहर के नवोदित खिलाड़ियों को सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की सहभागिता रही, जिनका प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा।

वुमेंस ओपन सिंगल्स के दोनों फाइनलिस्ट क्रमशः कोंडागांव एवं बीजापुर से रहे,वहीं मेंस ओपन डबल्स में दंतेवाड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर पार्षद संग्राम राणा, राणा घोष एवं मनोहर दत्त तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ी

अंडर-11 ब्वायज सिंगल,विनर सुर्यांश,रनर अनिरूद्ध,अंडर-11 गर्ल्स सिंगल,विनर दिया,रनर मिहिका तेल्नेटी,अंडर-15 ब्वायज सिंगल्स,विनर यथार्थ देवांगन,रनर आरव लाहोटी,अंडर-19 ब्वायज सिंगल्स,विनर सांई कुमार आगड़े,रनर आकाश भाष्कर,अंडर-17 गर्ल्स सिंगल,विनर सव्या कार्तिका गुप्ता, रनर अनुती तेल्नेटी, ओपन वुमेंस सिंगल्स,विनर - खुशी टावरी (कोंडागांव), रनर - सिमरन खलको (बीजापुर), ओपन मेन्स सिंगल्स,विनर -मोहम्मद परवेज (सुकमा), रनर - सलमान रजा,ओपन मेन्स डबल्स,विनर - वैभव गोयल एवं राज शेखावत, रनर सलमान रजा एवं क्रिस क्रिस्टोफ़र, 40 प्लस मेन्स डबल्स, विनर अमलेंदु चक्रवर्ती एवं रुपेश नारंग (दंतेवाड़ा), रनर कट्टम्मा रेड्डी एवं टोजी वर्गीस,मिक्स डबल्स, विनर सलमान रजा एवं खुशी टावरी (कोंडागांव), रनर मनीष बघेल एवं सिमरन खलको (बीजापुर)।

